संपादकीय

# सामान्य समझ से बाहर

भारत की वर्तमान सरकार की विदेश नीति क्या है अथवा इसकी कूटनीति का मकसद क्या है, इसे सामान्य बुद्धि से समझ पाना असंभव-सा लगता है। अगस्त 2021 में जब तालिबान का काबुल कब्जा हुआ था, तो खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर चिंता जताई थी। लेकिन उसी तालिबान को भारत ट्रेनिंग देने को तैयार हो गया, तो इसे एक पहेली ही कहा जा सकता है।

मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि विदेश मंत्रालय के विभाग "इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन" के एक ट्रेनिंग कोर्स में तालिबान के सदस्य हिस्सा लेंगे। यह कोर्स चार दिनों का है और मंत्रालय इसे आईआईएम कोझिकोड के जरिए आयोजित करवा रहा है। यह ऑनलाइन कोर्स है, इसलिए इसमें भाग लेने वालों को भारत आने की जरूरत नहीं है। विशेष रूप से विदेशी प्रतिभागियों के लिए डिजाइन किए गए इस कोर्स का शीर्षक है- "इमर्सिंग विथ इंडियन थॉट्स"। भारतीय चिंतन परंपरा की विदेशियों को जानकारी दी जाए, यह एक अच्छा मकसद है। लेकिन तालिबान से यह अपेक्षा रखना कि वे परंपरागत भारतीय संस्कृति के मुरीद हो जाएंगे, कुछ ज्यादा आशा करना होगा।

अगर यह फैसला भारतीय हितों को आगे बढ़ाने के मकसद से किया गया है, तो यही कहा जाएगा कि वर्तमान सरकार भारत के हितों को अति संकरे रूप से परिभाषित कर रही है। दरअसल, इस खबर पर उन अफगान छात्रों ने भी अफसोस जताया है जो भारतीय संस्थानों में अलग-अलग कोर्स कर रहे थे, लेकिन तालिबान के सत्ता में लौट आने के बाद हुई उथल-पुथल के कारण उनकी पढ़ाई रुक गई। करीब 3,000 अफगान छात्र 2021 में गर्मी की छुट्टियों में अफगानिस्तान गए थे लेकिन वो अभी तक वापस नहीं लौट सके हैं। बेहतर होता कि भारत सरकार पहले उन छात्रों के हितों की चिंता करती, जो मौटे तौर पर तालिबान की कट्टरपंथी सोच से इत्तेफाक नहीं रखते। इस निर्णय से उन छात्रों में अगर खुद को असहाय छोड़ दिए जाने का भाव पैदा होगा, तो इसे जायज ही कहा जाएगा। गौरतलब है कि विदेश नीति संबंधी अस्पष्टता की यह कोई पहली मिसाल नहीं है। लेकिन यह बेहद हैरत में डालने वाला निर्णय है।

# मुझे बाहर करने का गुजरात टाइंटस ने जो कारण दिया, उससे हैरान हूं : डोटिन



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन ने महिला प्रीमियर लीग से बाहर रहने पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिये गुजरात जाइंट्स ने जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है।

वेस्टइंडीज की 31 वर्ष की हरफनमौला डोटिन को अडानी समूह की टीम ने 60 लाख रूपये में खरीदा था लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें चिकित्सा कारणों से बाहर कर दिया गया। जाइंट्स ने कहा डोटिन निर्धारित समय सीमा तक चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जिसकी वजह से उनकी जगह आस्ट्रेलिया की किम गार्थ को शामिल किया गया।

डोटिन ने हालांकि ट्विटर पर कहा, मैं पहली महिला प्रीमियर लीग से मेरे बाहर होने को लेकर लग रही अटकलों पर संक्षिप्त बयान देना चाहती हूं। मैं इस सबसे बहुत निराश हूं। मेरे बाहर होने का जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है।

उन्होंने कहा, अडानी समूह की गुजरात जाइंट्स टीम ने लीग की नीलामी में मुझे खरीदा था। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले फ्रेंचाइजी ने दावा किया कि मुझे चिकित्सा कारणों से बाहर रखा गया है। इसके बाद कहा गया कि मैं चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जबकि 20 फरवरी को ही मुझे वह मिल गई थी। वेस्टइंडीज के लिये 143 वनडे और 127 टी20 खेल चुकी डोटिन ने कहा कि वह टीम प्रबंधन के फैसले से हैरान है।

उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरे पेट में हलका दर्द था और सूजन हो गई थी। मैने दिसंबर 2022 में इलाज कराया। इसके बाद विशेषज्ञों को दिसंबर और जनवरी में दिखाया। मुझे 13 फरवरी तक आराम के लिये कहा गया था और 14 फरवरी से मुझे फिटनेस गतिविधियों और खेलने की अनुमति मिल गई।

डोटिन ने कहा, मैने अभ्यास शुरू कर दिया ।गुजरात जाइंट्स के फिजियो के साथ मैने पूरी ईमानदारी से सारी जानकारी साझा की लेकिन उसे तोड़ मरोड़कर पेश करके टीम प्रबंधन को बताया गया कि अभ्यास सत्र के बाद मुझे पेट में दर्द उठा है जबकि ऐसा नहीं था। बाद में टीम ने मुझे कनाडा में जांच कराने को कहा। मैने अपने डॉक्टर इयान लुईस से 20 फरवरी को मिली मंजूरी भी टीम को दी थी।

# रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम के नाम हुआ अब तक का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड




**विशाखापट्टनम।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए दूसरे वनडे मैच में भारत को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा ऐसी हार अब तक भारतीय टीम ने कभी नहीं झेली थी जो अब रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को झेलनी पड़ी है। ये टीम इस वर्ष वनडे वर्ल्ड कप और खेलेगी। ऐसे में इस टीम से पूरे देश को आशा है।

भारतीय टीम को रविवार को विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारत के नाम विशाखापट्टनम में एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। टीम इंडिया के लिए घरेलू वनडे मैच में ये सबसे बड़ी हार है।

आपको बता दे की भारतीय टीम मैच में केवल 117 रन पर ही ऑलराउट हो गई। जवाब में कंगारू टीम ने बिना विकेट गंवाए ये लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने ये मैच 234 गेंद शेष रहते ही जीत लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने 2019 के हैमिल्टन वनडे में 212 गेंद शेष जीत दर्ज की थी।

# टीम इंडिया के अर्शदीप सिंह ने ले लिया अब बड़ा फैसला, दूसरे देश में खेलते आएगा नजर

**नईदिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अभी तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है और दोनों टीमें इस सीरीज में 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में अगला मैच दोनों टीमों के लिए ही महत्वपूर्ण रहने वाला है। लेकिन इस बीच ही टीम के एक खिलाड़ी ने बड़ा फैसला लिया है। टीम इंडिया का घातक तेज गेंदबाज वैसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस सीरीज में अपनी जगह नहीं बना सका लेकिन ये खिलाड़ी अब दूसरे देश में खेलता हुआ नजर आएगा। जी हां हम बात कर रहे है तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बारे में। जो अब इंग्लैंड के आगामी काउंटी सीजन में कैंट की टीम के लिए काउंटी चैंपियनशिप के पांच मुकाबले खेलेंगे।

ये खिलाड़ी पिछले साल एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट्स में टीम इंडिया का हिस्सा था। ऐसे में बताया जा रहा है की भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सलाह पर बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने ये फैसला किया है।

# भारत को 2030 तक ई-कॉमर्स के जरिए 350 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखना चाहिए: जीटीआरआई



**नई दिल्ली।** भारत को 2030 तक ई-कॉमर्स के जरिये 350 अरब डॉलर के माल निर्यात का लक्ष्य रखना चाहिए और इसके लिए सरकार को एक अलग नीति तैयार करने की जरूरत है। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत में थोक निर्यातकों (बी2बी) के लिए मौजूदा ई-कॉमर्स निर्यात प्रावधानों में कई जटिलताएं हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के ई-कॉमर्स निर्यात में 2000 के दशक की शुरुआत में देखे गए आईटी निर्यात की तुलना में तेज गति से बढ़ने की क्षमता है।

रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक व्यापार-से-उपभोक्ता (बी2सी) या खुदरा ई-कॉमर्स निर्यात 2030 तक मौजूदा 800 अरब डॉलर से बढ़कर 8,000 अरब डॉलर होने का अनुमान है। भारत इन रुझानों से फायदा उठाने की प्रमुख स्थिति में है।

जीटीआरआई ने ऑनलाइन माध्यम से देश के निर्यात में तेजी लाने के लिए 21 कार्रवाई बिंदुओं की पहचान की है।

भारत का मौजूदा ई-कॉमर्स निर्यात उसकी क्षमता से काफी कम है। इस समय ई-कॉमर्स निर्यात केवल दो अरब डॉलर का है, जो देश के कुल माल निर्यात का 0.5 प्रतिशत से भी कम है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश को 2030 तक ई-कॉमर्स के जरिए 350 अरब डॉलर का निर्यात करने की योजना बनानी चाहिए। ऐसे में ई-कॉमर्स निर्यात के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर ध्यान देने की जरूरत होगी।

# कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सेंसेक्स 474 अंक टूटा, निफ्टी 17,000 के नीचे पहुंचा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और बैंकिंग, आईटी तथा वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की वजह से सोमवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट आई.

इस दौरान, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 474.96 अंक यानी 0.82 प्रतिशत टूटकर 57,514.94 अंक पर आ गया. इसके 28 शेयर नुकसान में कारोबार कर रहे थे. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 139.10 अंक या 0.81 प्रतिशत के नुकसान के साथ 16,960.95 अंक पर कारोबार कर रहा था. अडाणी एंटरप्राइजेज, जेएसडब्ल्यू स्टील और हिंडाल्को समेत इसके 45 शेयर नुकसान में थे.

सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा करीब 1.86 प्रतिशत की गिरावट आई. टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस और टीसीएस में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई. रिलायंस, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में थे. दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर तथा कोटक बैंक करीब 0.24 प्रतिशत के लाभ में कारोबार कर रहे थे.



विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र के संकट से धारणा प्रभावित हो रही है, इसके अलावा विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से भी चिंता बढ़ रही है. ज्यादातर एशियाई बाजारों में गिरावट रही है. हांगकांग, तोक्यो, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर के बाजारों में गिरावट रही जबकि चीन का शेयर बाजार लाभ में रहा. अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बंद थे. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 1,766.53 करोड़ रुपये के शेयर बेचे.

# मर्सिडीज-बेंज को उम्मीद, भारत इस साल भी सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार होगा




**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी मर्सिडीज-बेंज ने उम्मीद जताई है कि पिछले साल की तरह इस साल भी भारत वैश्विक स्तर पर उसका सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने इस साल दस नये मॉडल पेश करने की योजना बनाई थी, हालांकि आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण कुछ पेशकश में देरी हो रही है। कंपनी इन उत्पादों की प्रतीक्षा अवधि को आगे और बढ़ने से रोकना चाहती है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया, 'मैं अभी भी भारत को बाकी देशों के बीच चमकता हुआ देखता हूं। हमारी वैश्विक रिपोर्ट को देखें तो साल के पहले दो महीनों में भी भारत में वृद्धि बनी हुई है। पूरे साल के लिए अनुमान जताना जल्दबाजी होगी लेकिन अगर पहले दो महीनों के नतीजों पर बात करें तो यह दुनिया के कई अन्य बाजारों की तुलना में काफी मजबूत और सकारात्मक है।'

वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या भारत वैश्विक स्तर पर कंपनी के लिए सबसे तेजी से बढ़ता बाजार बना रह सकता है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने 2021 में 11,242 इकाइयों की बिक्री की थी। यह आंकड़ा 2022 में 41 प्रतिशत बढ़कर 15,822 इकाई हो गया।

# भोला की एडवांस बुकिंग शुरू, अजय देवगन और तब्बू ने पोस्ट साझा की जानकारी



अजय देवगन भोला के साथ एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। भोला 2019 की तमिल फिल्म कैथी की रीमेक है, जिसमें कार्थी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह फिल्म दक्षिण में बड़ी हिट साबित हुई थी। देवगन की भोला का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और अब इसकी एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है।

देवगन ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा कर एडवांस बुकिंग शुरू होने की जानकारी दी है, जिसमें उनके साथ तब्बू भी नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि भोला के लिए आईमैक्स 3डी और 4डीएक्स 3डी में एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। वीडियो में देवगन और तब्बू ने दर्शकों से भोला की दुनिया में खुद को ले जाने की बात कही है। बता दें कि फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

कैथी की हिंदी रीमेक भोला को उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि में बनाया गया है। देवगन ने भोला में अभिनय के साथ इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है और यह अजय देवगन फिल्म्स के बैनर तले बनी है। फिल्म में देवगन के अलावा संजय मिश्रा, गजराज राव, मकरंद देशपांडे, किरण कुमार और दीपक डोबरियाल मुख्य भूमिका में हैं। बता दें कि इस फिल्म से पहले देवगन यू मी और हम, शिवाय और रनवे 34 का भी निर्देशन कर चुके हैं।

# संजय ने पूरी की अपनी नई फिल्म शूटिंग



संजय दत्त ने अपनी साउथ की आने वाली मूवी की शूटिंग पूरी कर ली है। मूवी की शूटिंग चल रही है और इसके कश्मीर शेड्यूल की शूटिंग हाल ही में पूरी कर चुकी है। शूटिंग खत्म होने के उपरांत संजय दत्त ने कश्मीर के एश्मुकाम दरगाह में शिरकत की और माथा टेका। अभिनेता को अपनी मूवीज में उनकी पर्सनालिटी के हिसाब से रोल्स भी मिल रहे हैं। अभिनेता अब साउथ की बड़ी मूवी 'लियो' का हिस्सा हैं और इसकी शूटिंग के सिलसिले में वे कश्मीर गए हुए हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बाद एश्मुकाम श्राइन पहुंचे और हजरत जैनुद्दीन वाली की दरगाह में शिरकत की। खबरों का कहना है कि ये वहीं जगह है जहां पर बजरंगी भाईजान मूवी की शूटिंग के बीच सलमान खान भी पहुंचे थे और इस बीच की उनकी फोटोज खूब वायरल हुई थीं। मूवी के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर इस दौरान की फोटोज शेयर की हैं और संजू बाबा के नाम इमोशनल नोट भी लिख दिया है।

# बनाएं मैंगो शाही टुकड़ा



इस रमजान पर गर्मियों का आनंद भी लेना है और रोजे भी रखने हैं और कुछ अच्छा भी खाना है, तो इसके लिए आप मैंगो शाही टुकड़ा बना सकते हैं। गर्मियो के सीजन का सबसे पसंदीदा फल और रमजान के दौरान कुछ अच्छा खाने के लिए शाही टुकड़े से अच्छा क्या हो सकता है। यह है रेसिपी-

**सामग्री :**

- -2 ब्रेड पीस
- -1 छोटा चम्मच चीनी
- -1/2 कप मैंगो प्यूरी
- -सूखे मेवे


**विधि :**

1. ब्रेड के स्लाइस लें और उन्हें क्रिस्पी होने तक फ्राई करें।
2. अब एक पैन में चीनी और पानी डालें, इसे गाढ़ा होने दें और इसमें आम की प्यूरी डालकर लगातार चलाते रहें। इसे ठंडा होने दें।
3. तले हुए ब्रेड के टुकड़ों को प्लेट में रखें और ऊपर से आम का मिश्रण डालें।
4. जब यह हो जाए तो इसे सूखे मेवों से सजाकर सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 09

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# सू-दोकू- 09

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन आपके लिये भाग्यशाली है। नक्षत्र आपके लिये अत्यंत अनुकूल दिखाई देता है। सकारात्मक विचार करने से आप सकारात्मक ऊर्जा पाएंगे जिससे आप अपने मकसद तक पहुंच सकेंगे।

***वृष :*** आप किसी ऐसे व्यक्ति की ओर आकर्षित होंगे जो आपकी रुचियों और इच्छाओं तथा जुनून को साझा करेगा। यदि अपने किसी के साथ कुछ गलत किया है, तो हमेशा अपनी गलती मानकर माफी मांगना ही बेहतर होगा।

***मिथुन :*** आज आप जिन लोगों से मिलेंगे उनके लिए आप एक प्रेरणा होंगे। आपकी फुर्तीली ऊर्जा और आपके चारों ओर प्रेम तथा सुंदरता उन्हें प्रोत्साहित करती है। आज आप भाग्यशाली साबित हो सकते है।

***कर्क :*** आपके इरादो से संबंधित पुस्तकों का संदर्भ लें। यह पुस्तकें आपको यशस्वी योजनायें बनाने में मार्गदर्शन करेगी।आप सामान्य तौर पर चुस्त और प्रबल हैं। पर्याप्त आराम करें जिससे आप ठीक हो जाएंगे।

***सिंह :*** किसी को अनचाही सलाह या तारीफ देने से बचें। इसके अतिरिक्त दूसरे लोगों के व्यक्तिगत मामलों में भी हस्तक्षेप न करें। आप बुरे सपने तथा भ्रमो से पू री तरह से घिरे हुये है। इसलिये आप बुरे सपनो में नही उलझें।

***कन्या :*** आपको नुकसान पहुँचाने का कारण बने व्यक्ति पर दया दिखाना या उसे माफ करना आपके लिये आज मुश्किल होगा। ऐसा करने हेतू अत्यधिक समझ की आवश्यकता होती है।

***तुला :*** अपनी भावनाओं और मनोभावों को उस व्यक्ति के सामने स्पष्ट और खुले रूप से व्यक्त करें जिससे आप आकर्षित हैं। अस्वीकृति से भयभीत न हों। आज आपको कुछ कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

***वृश्चिक :*** आप एकबार पुन: दीर्घकालिक स्वप्न पर कार्य करने का प्रयास कर सकते हैं। कभी भी देरी नहीं है। वास्तव में, आपको अपने सपनों को पहले की अपेक्षा पूरा करना अधिक आसान हो सकता है।

***धनु :*** आपका मजाकिया स्वभाव आपको मित्रों और दूसरे लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय बनाता है जिनसे आप आज मिलते हैं। यह उन लोगों को भी उत्साहित करेगा जिनके साथ आप कार्य करते हैं।

***मकर :*** महिलाएँ आज जिन पार्टियों या फंक्शनों में उपस्थित होंगी उनमें वे आकर्षक और लोकप्रिय होंगी। संपत्ती के बारे में या कोई घरेलू समस्या का समाधान करने हेतू आपको उसमें शामिल सभी लोगो की राय लेनी चाहिये।

***कुंभ :*** आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपकी अथवा घर में किसी सदस्य की सेहत अकस्मात खराब होने या पुराने रोग के बढ़ने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। कार्य क्षेत्र पर भी आज आर्थिक कारणों से कार्य अटक सकते है।

***मीन :*** भावनात्मक रुप से आपका कठिन समय चल रहा है तथा आपके हृदय के घाव भरने में थोड़ा और समय लगेगा। परंतु आपके अपने लोगों से आपको करुणा एवं सहानुभूति प्राप्त होगी। जल्द ही यह समय भी निकल जाएगा।